# हमसे संपर्क करें

**सलाह**, **सहायता** या किसी समस्या की **रिपोर्ट करने** के लिए हमसे संपर्क करें।

हमारी **नि:शुल्क**, गोपनीय हेल्पलाइन पर कॉल करें:

**0800 432 0804**

ईमेल: **intelligence@gla.gov.uk**

**www.gla.gov.uk**
जानकारी के लिए और मुद्दों की रिपोर्ट करने के लिए

**किसी आपातकालीन स्थिति में,** यदि जीवन को ख़तरा होने का जोखिम हो, या हिंसा का प्रयोग किया जा रहा हो या धमकी दी जा रही हो, तो **999 का उपयोग करके पुलिस** को कॉल करें।

The Gangmasters and Labour Abuse Authority
PO Box 10272, Nottingham, NG2 9PB

# संकेतों को पहचानें

ऐसे कई संकेत हैं जो यह दर्शा सकते हैं कि किसी का शोषण किया जा रहा है या उसे नियंत्रित किया जा रहा है।

इनमें शामिल हो सकते हैं:

- काम के लिए बहुत कम या कोई भुगतान नहीं मिलना
- बिना किसी छुट्टी के लंबे समय तक काम करने के लिए मजबूर किया जाना
- कोई पासपोर्ट, पहचान दस्तावेज या पैसा नहीं होना
- स्वतंत्र रूप से बातचीत करने में असमर्थ होना
- निम्न स्तर के आवास में रहना
- उपचार ~~बन~~ की गई चोटें होना
- परिवहन या अवांछित सेवाओं के लिए ~~ऋण जमा होना~~
- काम, यात्रा और आवास के लिए नियोक्ता पर निर्भर रहना

आपको **www.gla.gov.uk** पर इस बारे में अधिक जानकारी मिल सकती है कि श्रम शोषण के संकेतों को कैसे पहचानना है।

यदि आपको वह वेतन और परिस्थितियां नहीं मिल रही हैं जो आपको मिलनी चाहिए, या आपको कर्मचारी शोषण की कोई चिंता या संदेह है, तो कृपया बिना देर किए हमसे संपर्क करें।

रोजगार अधिकारों पर सलाह के लिए, अपने स्थानीय सिटीज़न्स एड्वाइस ब्यूरो (Citizens Advice Bureau) या **ACAS** से **0300 123 1100** पर संपर्क करें।

# GLAA के बारे में

गैंगमास्टर्स एंड लेबर एब्यूज अथॉरिटी (GLAA) कर्मचारियों को शोषण से बचाने के लिए स्थापित किया गया एक संगठन है। हम पूरे यूके में जागरूकता बढ़ाने, शोषण को रोकने और बिना लाइसेंस वाली और अवैध गतिविधि की जांच करने के लिए साझेदार संगठनों के साथ काम करते हैं।

हम जाँच करते हैं कि कर्मचारियों के साथ उचित और कानूनी रूप से सही व्यवहार किया जाता है। हम श्रम दुर्व्यवहार के मुद्दों की जांच करते हैं जैसे कि मजदूरी का कम भुगतान से लेकर जबरन श्रम और मानव तस्करी जैसे आधुनिक गुलामी के अपराध।

हमारी लाइसेंसिंग योजना उन व्यवसायों को नियंत्रित करती है जो ताजा उपज और बागवानी क्षेत्रों में कर्मचारी प्रदान करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे कानून द्वारा आवश्यक रोजगार मानकों को पूरा करते हैं। इसमें कृषि, बागवानी, शेलफिश एकत्रीकरण और सभी संबंधित प्रसंस्करण और पैकेजिंग शामिल हैं।

इन क्षेत्रों में सभी 'गैंगमास्टर्स' (कर्मचारी प्रदान करने वाली कंपनियां या व्यक्ति) के पास GLAA लाइसेंस होना चाहिए और उन्हें लाइसेंसिंग मानकों का पालन करना चाहिए। इन क्षेत्रों में बिना लाइसेंस के काम करना या कर्मचारी प्रदान करने के लिए बिना लाइसेंस वाले गैंगमास्टर का उपयोग करना एक फौजदारी अपराध है।

# कर्मचारियों के अधिकार



## एक कर्मचारी के रूप में आपके अधिकार यूके के कानून द्वारा सुरक्षित हैं।

कुछ अधिकार आपको नौकरी मिलते ही लागू हो जाते हैं, अन्य इस पर निर्भर करते हैं कि आप कितने समय तक काम करते हैं। यह पत्रक बताता है कि आपको अपने नियोक्ता से क्या अपेक्षा करनी चाहिए। **ये आपके कानूनी अधिकार हैं।**

Gangmasters &
Labour Abuse Authority

Hindi

# आपके रोजगार अधिकार

## राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन

यदि आप स्थायी नौकरी में हैं, छोटी अवधि के अनुबंध पर हैं या किसी एजेंसी के लिए काम कर रहे हैं, तो आपकी उम्र के आधार पर आपको कम से कम राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन (National Minimum Wage - NMW) या राष्ट्रीय जीवनयापन वेतन (National Living Wage - NMW) मिलना चाहिए।

यदि आप 'पीस वर्क' वेतन पर हैं (वस्तुओं की गिनती जो आप पूरा करते हैं, पैक करते हैं या चुनते हैं) तो आपको अभी भी कम से कम प्रति घंटा प्रासंगिक न्यूनतम वेतन मिलना चाहिए।

कुछ अपवाद हैं, जिनमें स्व-रोज़गार और स्वैच्छिक कर्मचारी शामिल हैं। अधिक जानने के लिए, **www.gov.uk** पर जाएँ और '**NMW**' खोजें।

## एक मदवार वेतन पर्ची

जिस दिन आपको भुगतान किया जाता है उस दिन आपको एक वेतन पर्ची मिलनी चाहिए, जो आपके कुल वेतन और आपके शुद्ध (घर ले जाने वाले) वेतन को दर्शाती है। इसमें आपके वेतन से ली गई किन्हीं भी कटौतियों की राशि और कारण दिखाया जाना चाहिए। हर बार भुगतान करने पर बदलने वाली कटौतियाँ, जैसे टेक्स और राष्ट्रीय बीमा, प्रत्येक वेतन पर्ची पर सूचीबद्ध होनी चाहिए। आपको आपका सहमत किया गया वेतन समय पर मिलना चाहिए, जिसमें आपको देय कोई छुट्टी या बीमारी का वेतन भी शामिल है।

## काम के घंटे

आपको किसी भी ओवरटाइम सहित सप्ताह में 48 घंटे से अधिक काम नहीं करना चाहिए, जब तक कि आपने ऐसा करने का चुनाव नहीं किया है।

आप प्रति सप्ताह कम से कम एक दिन या हर दो सप्ताह में दो दिन की छुट्टी के हकदार हैं। यदि आप दिन में छह घंटे से अधिक काम करते हैं, तो आपको कम से कम 20 मिनट का आराम करना चाहिए।

## वार्षिक छुट्टी

कानून के अनुसार, आप काम पर अपने पहले दिन से शुरू करके, साल में कम से कम कुछ हफ्तों की सवैतनिक छुट्टी के हकदार हैं। इसमें पार्ट-टाइम, शून्य घंटे और निश्चित अवधि के अनुबंध कर्मचारी शामिल हैं।

आपको मिलने वाली छुट्टियों की मात्रा आपके काम करने के दिनों या घंटों पर निर्भर करती है। यह आपके सामान्य कामकाजी घंटों (पार्ट-टाइम कर्मचारियों के लिए आनुपातिक) पर आधारित है, जो आपके नियोक्ता के लिए काम करने के दौरान अर्जित होती है और इसके लिए आपकी सामान्य कामकाजी दर पर भुगतान किया जाना चाहिए।

जब आप अपनी नौकरी छोड़ते हैं, तो आपकी किसी भी बकाया छुट्टी का आपको भुगतान किया जाना चाहिए। यदि आपका नियोक्ता आपको कोई छुट्टी लेने की अनुमति नहीं देता है या आपका छुट्टी का वेतन बकाया है, तो आप पैसे वापस लेने का दावा करने में मार्गदर्शन के लिए Acas हेल्पलाइन या सिटीजन्स एडवाइस से संपर्क कर सकते हैं। **gov.uk** पर '**वेतन और कार्य अधिकार**' के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करें।

## वेतन की कटौतियां

आपका नियोक्ता आपके वेतन से केवल कुछ कटौतियां कर सकता है और उन्हें आपकी वेतन पर्ची पर सूचीबद्ध किया जाना चाहिए।

आपको हमेशा कटौतियों के बाद दिखाई गई 'शुद्ध राशि' प्राप्त होनी चाहिए। कुछ कटौतियाँ वैधानिक हैं, जैसे कर और राष्ट्रीय बीमा, अन्य जिन पर आप सहमत हो सकते हैं, जैसे आवास या परिवहन शुल्क।

हो सकता है अनुबंधों में कुछ कटौतियां कानूनी तौर पर वैध न हों। आवास के लिए सीमित राशि को छोड़कर, यहां तक कि जिन कटौतियों के लिए आप सहमत हैं, उनके कारण आपका वेतन न्यूनतम वेतन से कम नहीं होना चाहिए। यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो कृपया हमसे संपर्क करें।

## बीमारी भुगतान

आपके अनुबंध में यह बताया जाना चाहिए कि यदि आप बीमार हैं और काम नहीं कर सकते तो आपको कितना भुगतान मिलेगा। यूके में आप जिस न्यूनतम राशि के हकदार हैं वह वैधानिक ~~बीमार~~ का वेतन (Statutory Sick Pay - SSP) है। यह तब लागू होता है जब आप लगातार चार या अधिक दिन तक काम से दूर रहते हैं। आपका अनुबंध आपको अन्य परिस्थितियों में अतिरिक्त वेतन या लाभ दे सकता है।

## स्वास्थ्य और सुरक्षा

आपका नियोक्ता कार्यस्थल पर आपके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए कानूनी तौर पर जिम्मेदार है। जहां उपयुक्त हो, आपको जानकारी, प्रशिक्षण, सुरक्षात्मक कपड़े और कोई भी आवश्यक प्रतिस्थापन चीज़ें निःशुल्क प्राप्त होनी चाहिएं।

## नियम और शर्तें

जब आप काम शुरू करें तो आपको अपने रोजगार की मुख्य शर्तों को बताने वाला एक दस्तावेज प्राप्त होना चाहिए। इस दस्तावेज़ में एक 'मुख्य बयान' शामिल है जो आपको आपके काम के पहले दिन दिया जाना चाहिए और इसमें निम्नलिखित बातें शामिल होनी चाहिएं:

- आपका नाम
- आपका नियोक्ता के नाम और पता
- नौकरी का शीर्षक या कार्य का विवरण और आरंभ करने की तिथि
- काम करने का स्थान, जिसमें सभी स्थान शामिल होने चाहिए
- आपको कितना और कितनी बार भुगतान किया जाएगा
- काम के घंटे और दिन, और क्या वे अलग-अलग होंगे
- छुट्टियों की पात्रता (सार्वजनिक छुट्टियों सहित)
- नौकरी के कितने समय तक चलने की आशा है
- परिवीक्षा अवधि की लंबाई एवं शर्तें
- अनिवार्य प्रशिक्षण
- कोई अन्य लाभ (दोपहर का भोजन, शिशु देखभाल वाउचर)

आपके काम के पहले दिन आपके नियोक्ता को आपको इसके बारे में भी बताना चाहिए:

- बीमारी का वेतन और प्रक्रियाएँ
- अन्य सवैतनिक अवकाश
- नोटिस की अवधि

काम शुरू करने के दो महीने के भीतर आपको अधिक जानकारी के साथ एक व्यापक लिखित बयान मिलना चाहिए।